D.A.V. PUBLIC SCHOOL, THANE
2021-2022
PERIODIC TEST I
SUBJECT: HINDI

STD: VIII **Max.Marks 20**
DATE: 03/08/2021 **TIME: 1 Hr.**

⟹ **खंड क -**

इस खंड में कुल सात प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें से कोई पाँच प्रश्न आपको करने हैं और इसके लिए कुल 10 अंक निर्धारित हैं |

⟹ **खंड ख -**

इस खंड में कुल तीन प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें से कोई दो प्रश्न आपको करने हैं और इसके लिए कुल 6 अंक निर्धारित हैं |

⟹ **खंड ग -**

इस खण्ड में व्याकरण संबंधित चार प्रश्न दिए गए हैं, जिन्हें निर्देशानुसार ही लिखा जाएगा और इसके लिए कुल 4 अंक निर्धारित हैं |

खंड - क

प्रश्न १. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर संक्षेप (दो-तीन पंक्तियों) में लिखिए- (१०अंक)

क. पक्षियों के क्या अरमान हैं?

ख. गाँववाले दारा का सम्मान क्यों करते थे?

ग. किस कारण पक्षियों के पंख टूट जाएँगे?

घ. दौरे पर जाते समय दारा दूसरा घोड़ा क्यों रखता था?

ङ. 'कटुक निबौरी' और 'कनक-कटोरी' के द्वारा किस ओर संकेत किया गया है?

च. दरबारी दारा से क्यों ईर्ष्या करते थे?

छ. दारा अपने बक्से में क्या रखता था और क्यों?

खंड - ख

प्रश्न २. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विस्तार (तीन- चार पंक्तियों) से लिखिए- (६ अंक)

क. शाह द्वारा दारा को अपने दरबार में रखने का क्या कारण था?

ख. पिंजरे में बंद रहकर मिलने वाले खाने व पानी की जगह पक्षियों को क्या पसंद है और क्यों?

ग. शाह ने दारा को गवर्नर बनाकर क्यों भेजा?

खंड -ग

प्रश्न ३. व्याकरण - निर्देशानुसार उत्तर लिखिए -

क. नीचे दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक(ँ) तथा
अनुस्वार (ं) का चिह्न लगाइए - (२)

पसद आगन

ख. 'नासिका' शब्द का तद्भव रूप लिखिए तथा 'पत्ता' शब्द का तत्सम रूप लिखिए | (२)

**********समाप्त **********